भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1515
28 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

रक्षा अकादमियां

1515. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में वे स्थान कौन-कौन से हैं जहां सरकार का विचार रक्षा अकादमियां स्थापित करने का है;

(ख) क्या इंदौर, मध्य प्रदेश में एक रक्षा अकादमी स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य में उन स्थानों का ब्यौरा क्या है जहां रक्षा अकादमियां कार्यरत हैं: और

(घ) क्या थल सेना में भर्ती के लिए मध्य प्रदेश में एक नया भर्ती केंद्र भी स्थापित किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है।

(ग): दिनांक 10 अगस्त, 2020 को नॉन कमिशंड आफिसर्स (एनसीओ) एकेडमी को बीनागुरी से धाना स्थानांतरित किया गया है।

(घ): जी, नहीं । मध्य प्रदेश में पहले से ही चार थल सेना भर्ती कार्यालयों का संचालन जबलपुर, ग्वालियर, मऊ और भोपाल में किया जा रहा है जो कि मध्य प्रदेश के सभी जिलों को समुचित रूप से कवर कर रहे हैं।

***